**<u>बरेली पुलिस</u>**
**<u>प्रेस नोट दिनांक 31.08.2025</u>**
**<u>थाना बारादरी</u>**

**<u>थाना बारादरी बरेली पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले 03 शातिर अभियुक्तों को 105 ग्राम स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 11 लाख रूपये) व एक चार पहिया के साथ किया गया गिरफ्तार।</u>**

**<u>घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-</u>**

दिनांक 31.08.2025 को 03 शातिर अभियुक्त 1. समीर उर्फ जिया पुत्र अली हुसैन निवासी मो0 बजरिया कस्बा व थाना आंवला बरेली हाल नि0 ग्राम बमियाना थाना भमोरा जनपद बरेली उम्र 28 वर्ष, 2. नसीम अली पुत्र जाकिर अली नि0 ग्राम बमियाना थाना भमोरा जनपद बरेली उम्र करीब 33 वर्ष, 3. नवीजान उर्फ नविया पुत्र अहमद जान नि0 ग्राम बमियाना थाना भमोरा जनपद बरेली उम्र करीब 33 वर्ष को 105 ग्राम स्मैक (कीमत लगभग 11 लाख रूपये ) व एक क्रेटा (बिना नम्बर प्लेट, चेचिस नम्बर – MALC381ULFM050411L व रजि0 न0-UP14CU8888) के साथ गिरफ्तार किया गया तथा एक अभियुक्त हफीज अहमद पुत्र बहीदुल्ला नि0 ग्राम बमियाना थाना भमौरा जनपद बरेली जो मौके से भाग गया। इस सम्बन्ध में थाना बारादरी पर मु0अ0सं0 1006/2025 धारा 8/21/29/60 NDPS एक्ट पंजीकृत किया गया।

**<u>सूचना, पुलिस टीम एवं कार्यवाहीः-</u>**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना प्रभारी बारादरी के नेतृत्व में दिनांक 31.08.2025 की रात्रि उ0नि0 कुशलपाल सिंह चौकी प्रभारी जगतपुर व उ0नि0 जावेद अख्तर चौकी प्रभारी कांकरटोला मय अपनी चीता मोबाइल के साथ गस्त में मामूर थे कि मुखबिर द्वारा मादक पदार्थ बेचने जाने वाले 03 अभियुक्तों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। सूचना पर तत्काल चौकी प्रभारी उपरोक्त द्वारा मुखबिर से सम्पर्क स्थापित कर साथ लेकर दबिश दी गयी तथा सम्राट अशोक नगर को जाने वाले मोड पर खडे 03 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया एवं नियमानुसार क्षेत्राधिकारी नगर तृतीय के समक्ष तलाशी एवं फर्द बरामदगी गिरफ्तारी तैयार करायी गयी। इस संबंध में थाना बारादरी पर मु0अ0सं0 1006/2025 धारा 8/21/29/60 NDPS बनाम 1. समीर उर्फ जिया पुत्र अली हुसैन निवासी मो0 बजरिया कस्बा व थाना आंवला जनपद बरेली हाल नि0 ग्राम बमियाना थाना भमोरा जनपद बरेली उम्र 28 वर्ष 2. नसीम अली पुत्र जाकिर अली नि0 ग्राम बमियाना थाना भमोरा जनपद बरेली उम्र करीब 33 वर्ष, 3. नवीजान उर्फ नविया पुत्र अहमद जान नि0 ग्राम बमियाना थाना भमोरा जनपद बरेली उम्र करीब 33 वर्ष आदि के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। बरामद एक क्रेटा गाड़ी (चेचिस नम्बर – MALC381ULFM050411L व रजि0 न0-UP14CU8888) को अन्तर्गत धारा 207 MV Act में सीज किया गया है।

**<u>पूछताछ -</u>**

अभियुक्तों से पूछताछ करने पर बताया गया कि उन लोगो ने यह स्मैक हफीज अहमद पुत्र बहीदुल्ला नि0 ग्राम बमियाना थाना भमोरा जनपद बरेली से खरीदा था एवं उक्त को बेचने के लिए बरेली आये थे, कि चार पहिया वाहन क्रेटा गाडी के साथ पकडे गये। यह गाडी भी हम लोगों को हफीज अहमद ने ही उपलब्ध कराया था, कहा था कि इतनी मात्रा को खपत कर दोगे तो और अधिक मात्रा में स्मैक बेचने के लिए देंगे। यह लोग अभी 10 दिन से यह काम कर रहे थे, एक बार 100 ग्राम लाकर इनके द्वारा मिलक रामपुर में बेचा गया था । वाछिंत मुख्य अभियुक्त हफीज अहमद पुत्र बहीदुल्ला नि0 ग्राम बमियाना थाना भमोरा जनपद बरेली को तलाश किया जा रहा है, शीघ्र ही गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

**<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त व अपराधिक इतिहासः –</u>**

**1. समीर उर्फ जिया पुत्र अली हुसैन निवासी मो0 बजरिया कस्वा व थाना आवला जनपद बरेली हाल नि0 ग्राम बमियाना थाना भमोरा जनपद बरेली उम्र 28 वर्ष**
मु0अ0सं0 1006/2025 धारा 8/21/29/60 NDPS एक्ट थाना बारादरी बरेली ।

**2. नसीम अली पुत्र जाकिर अली नि0 ग्राम बमियाना थाना भमौरा जनपद बरेली उम्र करीब 33 वर्ष**
मु0अ0सं0 1006/2025 धारा 8/21/29/60 NDPS एक्ट थाना बारादरी बरेली ।
मु0अ0सं0 319/2020 धारा 188/269/270 भादवि थाना भमौरा बरेली

**3. नवीजान उर्फ नविया पुत्र अहमद जान नि0 ग्राम बमियाना थाना भमौरा जनपद बरेली उम्र करीब 33 वर्ष**
मु0अ0सं0 1006/2025 धारा 8/21/29/60 NDPS एक्ट थाना बारादरी बरेली।

**<u>फरार अभियुक्तः-</u>**

**हफीज अहमद पुत्र बहीदुल्ला नि0 ग्राम बमियाना थाना भमौरा जनपद बरेली।**
मु0अ0सं0 1006/2025 धारा 8/21/29/60 NDPS एक्ट थाना बारादरी बरेली।

**<u>बरामदगी-</u>**

1. 105 ग्राम स्मैक (कीमत लगभग 11 लाख रूपये )
2. एक क्रेटा गाड़ी (चेचिस नम्बर – MALC381ULFM050411L व रजि0 न0-UP14CU8888)

**<u>पुलिस टीम-</u>**

1. प्रभारी निरीक्षक धनंन्जय पाण्डेय थाना बारादरी बरेली।
2. उ0नि0 कुशलपाल सिंह चौकी प्रभारी जगतपुर थाना बारादरी बरेली।
3. उ0नि0 जावेद अख्तर चौकी प्रभारी कांकरटोला थाना बारादरी बरेली।
4. हे0का0 211 तेज सिंह थाना बारादरी बरेली।
5. हे0का0 1018 कान्ता प्रसाद थाना बारादरी बरेली।
6. का0 1942 प्रदीप कुमार थाना बारादरी बरेली।
7. का0 1071 आदित्य कुमार थाना बारादरी बरेली।

